Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

अध्याय -5 | प्राकृतिक वनस्पति

Worksheet-2

बहुविकल्पी प्रश्न

1. वन नीति के अनुसार वर्तमान में निम्नलिखित में से कितना प्रतिशत क्षेत्र, वनों के अधीन होना चाहिए?

(अ) 33 (ब) 55

(स) 22 (द) 44

2. नीलगिरी, अन्नामलाई और पालनी पहाड़ियों पर मिलने वाले शीतोष्ण कटिबंधीय वनों को क्या कहते है?

(अ) सुदर वन (ब) शुष्क पर्णपाती वन

(स) डेल्टाई वन (द) शोलास

3. प्रमुख वनस्पति प्रकारों को किन आधारों पर वर्गीकृत किया जाता है?

(अ) वायुदाब (ब) उच्चावच

(स) भूमि (द) जलवायु

4. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में किस प्रकार के वन पाए जाते है?

(अ) पर्वतीय वन (ब) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन

(स) शीतोष्ण कटिबंधीय वन (द) मैंग्रोव वन

5. भारत का पहला जीव मंडल निचय कौन-सा स्थापित हआ था?

(अ) सुंदरवन जीव मंडल निचय (ब) नंदा देवी जीव मंडल निचय

(स) नीलगिरी जीव मंडल निचय (द) नोकरेक जीव मंडल निचय

6. प्रोजेक्ट टाईगर निम्नलिखित में से किस उद्देश्य से शुरू किया गया है-

(अ) बाघ को चिड़ियाघर में डालने के लिए (ब) बाघ को शिकार से बचाने के लिए

(स) बाघ पर फिल्म बनाने के लिए (द) बाघ मारने के लिए

7. सुंदर वन जीव मंडल निचय कहाँ पर स्थित है?

(अ) ओडिशा (ब) मध्य प्रदेश

(स) गंगा नदी डेल्टा प्रदेश में (द) छत्तीसगढ़

8. सुंदरी वृक्ष, गरान या मंग्रोव वृक्ष किस प्रकार के वन में पाए जाते हैं?

(अ) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन (ब) पर्वतीय वन

(स) कंटीले वन (द) ज्वारीय वन

9. प्रोजेक्ट टाइगर कब चलाया गया?

(अ) सन् 1972 में (ब) सन् 1973 में

(स) सन् 1992 में (द) सन् 1991 में

मिशन ज्ञान
पढ़ें : जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

10. वन्य प्राणी अधिनियम कब पारित हुआ?

(अ) सन् 1952 में (ब) सन् 1991 में

(स) सन् 1972 में (द) सन् 1988 में

रिक्त स्थान

11. भारत में कुल _____ जैवमंडल (बायोस्फीयर) रिजर्व हैं।

12. सामाजिक वानिकी का उद्देश्य _____ को बढ़ावा देना है।

सत्य/असत्य

13. भारत की कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 33% भाग वनावरण होना चाहिए।

14. सामाजिक वानिकी का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में वन बढ़ाना है।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. जलवायु की कौन-सी परिस्थितियाँ सदाबहार वन उगने के लिए अनुकूल हैं?

16. वास्तविक वनावरण के प्रतिशत के आधार पर भारत के राज्यों को कितने प्रदेशों में विभाजित किया गया है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. वन संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

18. सामाजिक वानिकी के मुख्य रूप से कितने अंग हैं?

निबंधात्मक प्रश्न

19. प्राकृतिक वनस्पति क्या है? जलवायु की किन परिस्थितियों में उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन उगते हैं?

20. उष्ण कटिबंधीय कंटीले वन के बारे में व्याख्या करें।

HOTS

21. वनस्पति जात और वन में अंतर स्पष्ट करें।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

उत्तरमाला

1. **(अ)** 33
2. **(द)**
नीलगिरी, अन्नामलाई तथा पालनी पहाड़ियों पर मिलने वाले शीतोष्ण कटिबंधीय वनों को शोलास कहा जाता है।
3. **(द)**
प्रमुख वनस्पति प्रकारों को जलवायु के आधारों पर वर्गीकृत किया जाता है। भारत की जलवायु को मोटे तौर पर मानसूनी जलवायु कहा जाता है।
4. **(ब)**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में उष्णकटिबंधीय वर्षा वन पाए जाते है।
5. **(ब)**
भारत का पहला जीव मंडल निचय 'नीलगिरी जीव मंडल निचय' स्थापित हुआ था। नीलगिरी जीव मंडल निचय में विभिन्न प्रकार के और समुद्र तल से ऊँचाई 250 मीटर से 2,650 मीटर. आवास और मानव क्रिया द्वारा कम प्रभावित प्राकृतिक तक है।
6. **(ब)** बाघ को शिकार से बचाने के लिए
7. **(स)**
भारत में ये वन उष्णकटिबंध के ज्वारीय दलदलों, तटीय लैगून, डेल्टा तथा पष्च-जल झीलों के समीप मिलता है। ये वन गंगा-ब्रह्मपुत्र, महानदी, गोदावरी तथा कृष्णा-कावेरी आदि के डेल्टाओं में उगते हैं।
8. **(द)**
ज्वारीय वन : इन्हें मैंनग्रोव, दलदली अथवा डेल्टाई वन भी कहा जाता है। सुन्दरी नामक वृक्ष इन वनों का प्रसिद्ध वृक्ष है। इसी वृक्ष के नाम पर गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा के वन को सुन्दरवन कहा जाता है।
9. **(ब)**
भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत 1973 में की गई जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में बाघों की संख्या का स्तर बनाए रखना है।
10. **(स)**
सन् 1972 में वन्य प्राणी अधिनियम पारित हुआ।
11. 18
12. स्थानीय समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति एवं वन संरक्षण
13. सत्य
14. असत्य
15. - जलवायु की उष्ण और आर्द्र जलवायु में सदाबहार वन उगने के लिए अनुकूल हैं। जहाँ वार्षिक वर्षा 200 सेंटीमीटर से अधिक होती है और औसत वार्षिक तापमान 22° सेल्सियस से अधिक रहता है।
16. वास्तविक वनावरण के प्रतिशत के आधार पर भारत के राज्यों को चार प्रदेशों में विभाजित किया गया है-
    i. अधिक वनावरण वाले प्रदेश
    ii. मध्यम वनावरण वाले प्रदेश
    iii. कम वनावरण वाले प्रदेश
    iv. बहुत कम वनावरण वाले प्रदेश
17. वन संरक्षण के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:
    i. भारतीय वन्य जीव बोर्ड की सिफारिशों के द्वारा 1972 में भारत सरकार ने वन्य प्राणी अधिनियम पारित किया था।
    ii. बाघों की संख्या में तेजी से कमी आने से चिंतित होकर देश में 1973 में बाघ विकास कार्यक्रम परियोजना शुरू की गई थी।
    iii. संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से 1975 में मगरमच्छ प्रजनन और प्रबंधन परियोजना प्रारंभ की गई।

मिशन ज्ञान
पढ़ः जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

iv. भारत सरकार ने वन्य प्राणियों को सुरक्षित रखने के लिए भारत में कई राष्ट्रीय उद्यान, वन जीव आरक्षित क्षेत्र और वन्य जीव अभयारण्य की स्थापना की है।

v. आज भारत में 105 नेशनल पार्क और 514 वन्य प्राणी अभयारण्य है जो 15.67 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर फैले हैं। इनके अतिरिक्त 18 जीव आरक्षित क्षेत्र या जीव मंडल निचय क्षेत्र हैं। इनका कुछ क्षेत्र सुरक्षित क्षेत्र में भी शामिल हो गया है।

18. सामाजिक वानिकी के मुख्य रूप से तीन अंग हैं-

i. **शहरी वानिकी-** शहर और उसके इर्द-गिर्द स्थित निजी और सार्वजानिक भूमि, जैसे-हरित पट्टी, पार्क, सड़क के साथ की जगह औद्योगिक व व्यापारिक स्थलों पर वृक्ष लगाना और उनका प्रबंध करना इसके अंतर्गत आता है।

ii. **ग्रामीण वानिकी-** इसके अंतर्गत कृषि वानिकी और समुदाय वानिकी को शामिल किया जाता है। कृषि वानिकी का अर्थ हैं-कृषि योग्य तथा बंजर भूमि पर पेड़ और फसलें एक साथ लगाना। इसकाअभिप्राय हुआ-वानिकी और खेती एक साथ करना। समुदाय वानिकी में सार्वजनिक भूमि, जैसे-गाँव-चरागाह, मंदिर-भूमि, सड़कों के दोनों ओर नहर किनारे, रेल-पटड़ियों के किनारे, विद्यालय आदि, पर पेड़ लगाए जाते हैं।

iii. **फार्म वानिकी-** इसके अंतर्गत किसान अपने खेतों में व्यापारिक महत्त्व वाले या दूसरे पेड़ लगाते हैं। इसके लिए वन विभाग निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराता है। इन पौधों को खेतों की भेड़, चरागाह, घर के पास स्थित खाली जमीन, पशुओं के बाड़ों आदि में लगाए जाते हैं।

19. प्राकृतिक वनस्पतिः इनका संबंध ऐसे पौधा समुदाय से है, जो लंबे समय तक बाहरी हस्तक्षेप के बिना उगता है और इनकी विविध प्रजातियाँ वहाँ पाई जाने वाली मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों में यथासंभव स्वयं को ढाल लेती हैं। उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन उष्ण और आर्द्र प्रदेशों में पाए जाते हैं, जहाँ वार्षिक वर्षा 200 सेंटीमीटर से ज़्यादा होती है तथा औसत वार्षिक तापमान 22° सेल्सियस से ज़्यादा रहता है।

20. उष्ण कटिबंधीय कटीले वनः यह वन गुजरात से लेकर राजस्थान और पंजाब के उन भागों में मिलता है, जहाँ वार्षिक वर्षा 70 से.मी. से कम होती है। पठार के मध्यभाग में भी; जहाँ लम्बी शुष्क ग्रीष्म ऋतु मिलती है, ये वन पाये जाते हैं। बबूल, खैर, खजूरी तथा खेजरी इन वनों के कुछ प्रमुख उपयोगी वृक्ष हैं। अत्यल्प वर्षा वाले क्षेत्र में नागफनी और कैक्टस् प्रजातियों की अर्द्धमरुस्थलीय वनस्पति 'जीरोफाइट्स' पाये जाते हैं।

21. वनस्पति जात और वन में निम्नलिखित अंतर है :-

वनस्पति जात	वन
एक विशेष खंड अथवा युग के पौधों की विभिन्न जातियाँ, जिन्हें एक वर्ग में रखा जा सकता है, वनस्पति कहलाती हैं।	एक क्षेत्र जहाँ वृक्षों का घनत्व अत्यधिक रहता है उसे वन कहते हैं।
पर्यावरण में भिन्नता के कारण विभिन्न जातियाँ उगती हैं।	वन से तात्पर्य घने व परस्पर निकट उगने वाले पेड़ों से है।
पौधों की ये जातियाँ एक शाखा के रूप में इकट्ठी रखी जाती हैं। वनस्पति जात को भी प्रकृति ने अपनी ही तरह इन्द्रधनुषी रंगत और संवेदन-शीलता प्रदान की है।	भूदृश्यावली एक ही वन की है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES